an>

Title: Need to extend basic civic amenities to people living in the forest areas in Karakat Parliamentary Constituency, Bihar.

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** मैं सरकार का ध्यान वनों मे रह रहे आदिवासियो की मूलभूत सुविधाओं के संबंध मे आकर्षित करना चाहता हूँ | मेरे संसदीय क्षेत्र काराकट (बिहार) के अन्तर्गत बिहार के जिला – रोहतास, कैमूर के जंगलो में रहने वाले करीब चार प्रखण्ड - अधैरा, चैनपुर, चेनारी, तिलौथू, नौहटा, के करीब सैकड़ों गाँव के लाखो लोग आज भी पाषाण कालीन सभ्यता जैसी जिंदगी जीने को मजबूर है | जंगल व पहाड़ों से अच्छे संबंध रखने वाले लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं से आज भी वंचित है | आजादी के 72 साल बीतने के बाद भी जंगलों मे रह रहे गरीब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति के लोगो को स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा व आवास जैसी मूलभूत सुविधाओ से आज भी वंचित है, जानवरों सी जिंदगी जीने को मजबूर है | अत: मै सरकार से मांग करता हूँ कि बन सेंक्चुअरी नियम मे संशोधन करते हुए उन जंगलों मे रहने वाले लोगो को सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एव मोबाइल सेवा एवं आवास उपलब्ध कराया जाय |